गुढ़ागौड़जी को नीमकाथाना जिले में शामिल करने के विरोध में बंद रहा गुढ़ा

लोगों ने कहा गुढ़ागौड़जी को कतई नीमकाथाना जिले में नहीं होने देंगे शामिल

गुढ़ागौड़जी, (निसं)। राजस्थान सरकार द्वारा हाल ही में 19 जिले नए बनाने को लेकर गुढ़ागौड़जी को नीमकाथाना जिले में शामिल किए जाने को लेकर लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया एवं बाजार पूर्णतया बंद रखे। विरोध प्रदर्शन को लेकर भोड़की चौराहे पर विरोध प्रकट कर सभा का आयोजन किया गया। नीमकाथाना को जिला बनाने के बाद गुढ़ागौड़जी को शामिल किए जाने पर लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला।

इसी दौरान लोगों ने गुढ़ागौड़जी नायब तहसीलदार ओमप्रकाश को ज्ञापन भी सौंपा। पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी ने कहा कि वर्तमान विधायक ने जनता को धोखे में रखा। पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी ने कहा कि कांग्रेस सरकार और उसके स्थानीय मंत्री व विधायक ने कुटरचित चाल चलकर संपूर्ण उदयपुरवाटी उपखंड क्षेत्र को नवसृजित जिले नीमकाथाना में शामिल करवाया है। जो निहायत ही गलत है। इसमें नीमकाथाना मुख्यालय से कम दूरी वाले गांव को उनकी सुविधा को मध्यनजर रखते हुए ओर उन गावों कि इच्छानुसार शामिल करना चाहिए था।

गुढा क्षेत्र के गांवों को शामिल करना तो इस सरकार और स्थानीय विधायक का अन्याय के पथ कर चलते हुए एक दमनकारी कदम है। पूर्व विधायक चौधरी ने आगे कहा कि इस तरह कि दोगली बातों से ही तो क्षेत्र का सत्यानाश हो रहा है। गुढा क्षेत्र के लोगों मे नीमकाथाना मे शामिल करने से त्राहि त्राहि मची है और आप सरकार का आभार वक्त कर रहे है। नीमकाथाना जिले में शामिल करने के विरोध में पहले भी शुभकरण चौधरी ने ही पुरजोर आवज उठाई थी और आज भी उन्हीं के नेतृत्व में धरातल पर आंदोलन होने से सफलता हासिल होगी।

धरने को पंचायत समिति सदस्य रामसिंह खेदड़ टीटनवाड़, सीथल सरपंच संजू चौधरी, सुप्यार देवी, टोडी सरपंच प्रतिनिधि सरपंच रामनिवास मूंड, अनिल कुमावत, रेडिमेड व्यापार अध्यक्ष गणेश गुप्ता, घनश्याम सर्राफ कपड़ा व्यापार, राकेश खदेड़ सहित बहुत से व्यापारी और रामावतार धींवा, दारासिंह मेघवाल पूर्व सरपंच गुढाबावनी, जेपी महला शहीद भगत सिंह अध्यक्ष जन संघर्ष समिति, सेवा निवृत्त अध्यापक कुरड़ाराम जाखड़ धमोरा, प्रहलाद गिल पूर्व सरपंच भोड़की, प्रहलाद बांगड़वा सरपंच दूड़िया, रवींद्र दूड़िया, भवानीसिंह छावसरी, भूपेंद्रसिंह छावसरी, विकास गिल, नरेंद्र गढ़वाल, कमल जाखड़, बसंत चौधरी, ख्यालीराम पूर्व सरपंच टोडी, परवीन मैचू, रामदेव जैतपुरा, बंशीलाल अठावाल, भोजराज गुढा, शिवराम सांखला, राहिताश मेघवाल टोडी, बुधराम सैनी बजावा, अंकेस खैरवा पोसाना, अशोक पूनियां पूर्व उप प्रधानसहित कई लोग मौजूद थे।

गुढ़ागौड़जी में गांव के लोगों ने धरना दिया।

- वर्तमान विधायक ने जनता को धोखे में रखा : शुभकरण चौधरी

देवसेना ने किया 21 गांव की कार्यकारिणी का गठन:- इधर, आस पास के गांव को नीमकाथाना जिले में जोड़ने का देव सेना के प्रदेश सचिव धर्मपाल गुर्जर ने विरोध किया। बड़ागांव के खटाना फार्म हाउस पर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश सचिव गुर्जर ने बताया कि किसी भी सूरत में बड़ागांव, नंगली, केसरीपुरा, सीथल, बजावा, खींवासर समेत आस-पास के 30 गांवों को नीमकाथाना जिले में नहीं जाने देंगे।

झुंझुनूं जिला शहीदों के नाम से जाना जाता है। इसलिए यहां के लोग कुर्बानी दे देंगे। पर अन्याय सहन नहीं करेंगे। केसरीपुरा से झुंझुनूं की दूरी 14 किलोमीटर है। जबकि नीमकाथाना की दूरी 90 किलोमीटर है। समय और आर्थिक भार दोनों का ही सामना करना पड़ेगा। प्रदेश सचिव धर्मपाल गुर्जर ने चेतावनी दी अगर जल्द ही संशोधन नहीं किया गया तो बड़ा आंदोलन का आगाज किया जाएगा।

बैठक का आयोजन कर आंदोलन की रणनीति तैयार की गई। उन्होंने कहा कि नेता तो सिर्फ वोटों के लिए ही जनता को गुमराह कर रहे हैं। सभी सामाजिक संगठनों को साथ में लेकर के बड़े आंदोलन का जल्दी आगाज किया जाएगा इस मौके पर देवसेना के काफी पदाधिकारी उपस्थित रहे। देवसेना के प्रतिनिधि मंडल के द्वारा जिला कलेक्टर झुंझुनूं को ज्ञापन दिया जाएगा।

सुजानगढ़ को जिला बनाने की मांग को लेकर तीसरे दिन भी धरने पर बैठे नागरिक

धरने पर बैठी प्रधान संतोष मेघवाल व क्षेत्र के नागरिक।

सीकर-नोखा स्टेट हाईवे पर पुराना बस स्टैण्ड पर आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने जाम लगाया

बीदासर, (निसं)। सुजानगढ़ को जिला बनाने की मांग पूरी नहीं होने पर सोमवार को तीसरे दिन जनहित संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में लोगों का विरोध-प्रदर्शन जारी रहा।

सीकर-नोखा स्टेट हाईवे पर कस्बे के पुराना बस स्टेण्ड पर पंचायत समिति प्रधान संतोष मेघवाल के नेतृत्व में मोर्चा के सैकड़ो आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने धरना देकर जाम लगा दिया। इस दौरान लोगों ने मुख्यमंत्री गहलोत और विधायक मनोज मेघवाल के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर आक्रोश जताया तथा सुजानगढ़ को जिले का गौरव लौटाने की मांग करते हुए हाईवे को जाम रखा। जिससे चारों और वाहनों की लंबी कतारें लग गई और यातायात प्रभावित रहा। जिससे आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने एक बार कस्बे के बाजार भी बंद करवा दिये। लेकिन कार्यकर्ताओं के धरना स्थल जाने के बाद बाजार फिर खुल गये। वही कस्बे के डुंगरगढ तिराहे पर भी मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया तथा मुख्य मार्ग को जाम कर दिया।

- लोगों ने मुख्यमंत्री गहलोत और विधायक मनोज मेघवाल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की

सोमवार को बीदासर के ग्रामीण क्षेत्रों में भी विरोध प्रदर्शन एवं हाइवे जाम किया। ग्राम साण्डवा और कातर में नागरिकों ने जमकर प्रदर्शन किया और धरने पर बैठे रहे। बीदासर में जाम की सूचना पर एसडीएम रमेश कुमार, पुलिस उप अधीक्षक प्रहलाद राय, नायब तहसीलदार सुभाष छींपा, थानाधिकारी जगदीश सिंह मय जाब्ते के मौके पर पहुंचे और धरना-प्रदर्शन कर रहें लोगों से समझाइस की। शाम करीब 5 बजे मुख्य मार्ग खोला गया।

धरना देने वालों में विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद राजपुरोहित, भाजपा मंडल अध्यक्ष अरूण तिवारी, आरएलपी नेता रतनलाल नायक, रामनिवास तेतरवाल, भाजपा नेता बीएल भाटी, बजरंग दल संयोजक धनराज सैन, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष जयप्रकाश बैंगानी, पार्षद सांवरमल सैन, ललित सैनी, बबलू शर्मा, शंकर सुथार, भीखाराम खैरिया, सीताराम भामूं, दीपाराम सारण, पंकज गुसाईंवाल, मनोहर नायक, बजरंग ढिढारिया, सुरेन्द्र सुथार, बाबूलाल माली, नोरतन सैन, कमल माली, दिपेंद्र राठौड़ सहित सैंकड़ों नागरिक मौजूद थे।

हत्या के दो आरोपियों का कोर्ट में सरेंडर

पाली, (नि.सं.)। सुरेशसिंह रावणा राजपूत की हत्या के आरोपी हिमांशु मीणा ने सोमवार को कोर्ट में सरेंडर किया। जिसे कोर्ट के आदेश पर जेल भेजा गया। बाद में प्रोडक्शन वारंट पर जोधपुर पुलिस आरोपी को ले गई। जोधपुर में पुलिस कस्टडी में पेशी से लौट रहे पाली के सुरेशसिंह रावणा राजपूत की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या करने के दो आरोपियों ने सोमवार को कोर्ट में सरेंडर किया। भरतसिंह मणिहारी ने जोधपुर कोर्ट में और हिमांशु मीणा ने पाली कोर्ट में सरेंडर किया। मामले में अब जोधपुर पुलिस को इनामी आरोपी अजयपाल सिंह उर्फ एसपी सिंह की तलाश है।

बता दे कि चित्तौडगढ़ के हुडको कॉलोनी गांधी नगर निवासी हिमांशु मीणा उर्फ हरिकिशन मीणा पुत्र नवीन कुमार मीणा पाली के सदर थाने में मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में भी वांटेड था। जिसने सोमवार को पाली के पर्यावरण कोर्ट में सरेंडर किया। आरोपी के खिलाफ सदर थाने में मादक पदार्थ तस्करी को लेकर मामला दर्ज था। आरोपी को कोर्ट के आदेश पर पाली जेल भेजा गया। जहां से उसे जोधपुर पुलिस प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर जोधपुर ले गई। जोधपुर ईस्ट देरावरसिंह ने बताया कि मामले में दूसरे आरोपी पाली जिले के मणिहारी निवासी भरतसिंह राजपूत ने जोधपुर कोर्ट में सरेंडर किया है। पाली के डरी गांव निवासी सुरेशसिंह रावणा राजपूत। जिसकी जोधपुर के भाटी चौराहे पर 18 दिसम्बर 2021 को जोधपुर के भाटी चौराहे के 2021 को जोधपुर के भाटी चौराहे के निकट कोर्ट से पेशी से पुलिस कस्टडी में लौटते समय दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गइ थी। मामले में पुलिस को इनामी आरोपी अजयपाल सिंह उर्फ एपी सिंह, भरत सिंह मणिहारी, हिमांशु मीणा उर्फ दुर्योधन की तलाश थी।

इसको लेकर 14 मार्च को पाली जिले के मणिहारी में जबरसिंह राजपूत की माइंस पर अलसुबह जोधपुर की टीम ने दबिश दी थी। लेकिन आरोपी जबरसिंह ने तीनों को भगा दिया था। पुलिस ने यहां से पुलिस ने जबरसिंह राजपूत के ठिकानों से 21.5 लाख रुपए और भंवर सिंह मंडली के फॉम हाऊस से 22.5 लाख रुपए बरामद किए थे। इसके साथ ही 22 वाहन, 18 मोबाइल, अवैध हथियार, अवैध शराब और सिम कार्ड बरामद किए। पुलिस के दबाव के चलते सोमवार को दोनों आरोपियों ने कोर्ट में सरेंडर किया। पाली के मणिहारी गांव का निवासी जबर सिंह पर सुरेश ने दुश्मनी के चलते 6 जनवरी 2020 को लॉरेंस और काला जेठड़ी गैंग के बदमाशों के साथ मिलकर जबर सिंह पर फायरिंग करवाई थी।

दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

अलवर, (निसं)। बडौदामेव थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग लड़की को जबरन उठाकर सुनसान जगह ले जाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना क्षेत्र में 16 मार्च को मामला दर्ज कराया गया था कि सेमली थाना नगर के कुछ युवक नाबालिग लड़की को उठाकर किसी सुनसान जगह पर ले गए और उसके साथ दुष्कर्म किया है। जिस पर अलवर जिला पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम का गठन करके आरोपियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया। बडौदामेव पुलिस ने 5 आरोपियों में से गोलू जाट को गिरफ्तार कर लिया। बाकी आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस प्रयास कर रही है।

किसानों ने लगाया जाम

भुसावर, (निसं)। गांव पथैना के किसानों ने बेमौसम वर्षा और ओलावृष्टि से हुए सरसों, गेंहू फसल नुकसान से खफा होकर खेरलीगंज से जयपुर नेशनल हाईवे मेगा हाईवे के गांव पटना पर संघर्षशील किसान नेता राजेंद्र शर्मा के नेतृत्व में जाम लगा कर प्रशासन और क्षेत्रीय सांसद व विधायकों के प्रति नाराजगी प्रकट की। किसानों की जाम की सूचना पर हल्का पटवारी बलराम गुर्जर मौके पर पहुंचे और उन्होंने जाम लगाने वाले किसानों से वार्ता की, साथ ही उन्होंने तहसीलदार सुरेंद्र कुमार से उनकी दूरभाष पर वार्ता कराई।

सवा दो लाख की रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार

नागौर, (निसं)। नागौर में राजस्व पटवारी को 2 लाख 25 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। एसीबी ने मामले में सत्यापन होने के बाद सोमवार को इस कार्रवाई को अंजाम दिया। एसीबी मुख्यालय जयपुर के निर्देश पर बड़ी खाटू में यह कार्रवाई की गई। बड़ी खाटू में पदस्थापित पटवारी ओमप्रकाश मेघवाल को रिश्वत लेते एसीबी ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के घर सहित अन्य ठिकानों की तलाशी जारी है। एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक हेमन्त प्रियदर्शी (अति. चार्ज महानिदेशक) ने बताया कि एसीबी की नागौर इकाई को परिवादी ने शिकायत दी थी। शिकायत में परिवादी ने कहा कि उसकी क्रयशुदा जमीन का नामान्तकरण खोलने की एवज में पटवार हलका खाटू कलां (बड़ी खाटू), तहसील जायल में पोस्टेड पटवारी ओमप्रकाश मेघवाल ने परिवादी से 2 लाख 25 हजार रुपए की रिश्वत मांगी।

इस पर एसीबी अजमेर के उपमहानिरीक्षक समीर कुमार सिंह के सुपरवीजन में एसीबी नागौर इकाई के पुलिस निरीक्षक सुशीला विश्नोई के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया गया। इसके बाद उनकी टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए बड़ी खाटू हाल खाटू कलां रहने वाले ओमप्रकाश मेघवाल पुत्र धर्माराम को परिवादी से 2 लाख 25 हजार रुपए रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है। एसीबी के महानिरीक्षक सवाई सिंह गोदारा के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच शुरू की जाएगी।

आरोपी पटवारी ओमप्रकाश

- क्रयशुदा जमीन का नामान्तरण खोलने की एवज में रिश्वत मांगी थी
- एसीबी मुख्यालय जयपुर के निर्देश पर बड़ी खाटू में यह कार्रवाई की गई

28 गौवंशों से भरा कंटेनर पकड़ा

बजरंग दल कार्यकर्ताओं और पुलिस ने एक गौ तस्कर को पकड़ा।

धौलपुर, (निसं)। आज बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पुलिस के सहयोग से 28 गौवंशों से भरा हुआ कंटेनर पकड़ा। जिला सह संयोजक राम शर्मा ने बताया कि पिछले कई दिनों से जिला संयोजक मनोज सोनी के नेतृत्व में विहिप बजरंग दल के गौरक्षा प्रमुख द्वारा कार्यकर्ताओं के साथ मनिया क्षेत्र में गौ तस्करों की तलाश कर रहे थे। आज रात्रि करीब 1:30 बजे एक कंटेनर कार्यकर्ताओं के सामने से गुजरा कार्यकर्ताओं को संदेह हुआ कि ट्रक में गोवंश हो सकते हैं। उनके द्वारा कंटेनर को रोकने की कोशिश की गई जहां कंटेनर ड्राइवर ने स्पीड को बढ़ाते हुए कंटेनर को भगाया कार्यकर्ताओं ने कंटेनर का पीछा करते हुए पुलिस को सूचना दी।

सूचना पर मनिया पुलिस ने कंटेनर का पीछा किया लेकिन ट्रक ड्राइवर ने कंटेनर नहीं रोका संयुक्त रूप में पुलिस सदर थाना धौलपुर एवं सैपऊ पुलिस के सहयोग से कंटेनर को सैपऊ पुल पर रुकवा लिया गया। कंटेनर को रोकते ही ड्राइवर तस्कर भागने लगे बजरंग दल कार्यकर्ताओं और पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक गौ तस्कर को पकड़ने में सफलता प्राप्त की। गोवंशों को सकुशल बिजोलिया गौशाला में छुड़वा दिया गया। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल गौ रक्षा प्रमुख चंद्र प्रताप एवं शुभम श्रीवास्तव ने बताया कि विगत कई दिनों से हमें सूचना मिल रही थी कि मनिया क्षेत्र में चरवाहा के रूप में रह रहे गौ तस्करी का कार्य चल रहा है।

हमारी टीम द्वारा आज जिसमें एक कंटेनर को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। टीम में राम शर्मा, चंद्र प्रताप ठाकरे, शुभम श्रीवास्तव, दीपक पचौरी, रविंद्र प्रजापति, विकास शर्मा, ऋषि शर्मा, शुभम बघेल, विशाल मथुरिया सहित कार्यकर्ताआ उपस्थित रहे।

स्कूल बस में युवक का शव मिला

अलवर, (निसं)। अलवर के खेडली थाना क्षेत्र के घाटा भावर के पास खड़ी एक स्कूल बस में सोमवार सुबह व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव पाटन गांव निवासी 40 वर्षीय शिव शंकर पुत्र घनश्याम शर्मा का है। इसके बाद आमजन ने रोड पर शव रखकर जाम लगा दिया। कठूमर सीओ अशोक चौहान सहित खेडली थाना अधिकारी महावीर प्रसाद मौके पर पहुंचे। परिजनों के ने बताया कि शिव शंकर रविवार रात करीब 7 बजे खेतों की तरफ गया था। जिसके बाद उसका मोबाइल स्विच ऑफ था। परिजनों ने सोचा कि खेत पर गायों से फसल सुरक्षा के लिए वहीं रुक गए होंगे।

सोमवार सुबह घाटा भावर मंदिर के पास खडी स्कूली बस में शव मिला। बस को लेने गए ड्राइवर ने शव देखा तो लोगों को बताया। इसके बाद आमजन की भीड़ जुट गई। तुरंत मृतक के परिजनों को सूचना दी। बस की छत पर रस्सी भी मिली है। परिजनों ने व्यक्ति की हत्या के मामले का खुलासा करने और आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की। शव को खेड़ली-रोनिजा मार्ग पर रखकर विरोध जताया गया। काफी देर तक रोड जाम कर दिया। मौके पर काफी संख्या में भीड़ एकत्र हो गई।

प्रेम प्रसंग को लेकर युवक की हत्या की थी, आरोपी गिरफ्तार

टोंक/उनियारा, (निसं)। पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज वर्मा के निर्देशानुसार जिले के सोप थाना क्षेत्र में युवक की ट्रेक्टर से कुचलकर हत्या की वारदात का खुलासा गठित टीम ने करते हुए मुख्य आरोपी सुरेन्द्र धाकड़ को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुयार हत्या की वारदात को प्रेम प्रसंग को लेकर अंजाम दिया गया।

पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज ने सोमवार को पत्रकारों से पुलिस अधीक्षक कार्यालय में वार्ता करते हुए बताया कि 15 मार्च को सायंकाल के समय जरिये टेलिफोन थाना सोप पर सूचना मिली कि कस्बा सोप के आम रोड पर एक युवक को ट्रैक्टर से कुचल दिया गया है, इस सूचना पर थानाधिकारी सोप मय जाप्ते के घटनास्थल पर पहुंचे, तो वहां पर मस्तराम उर्फ रिंकू मीणा गंभीर घायल अवस्था में अपनी मोटरसाईकिल के साथ पड़ा हुआ मिला, जिसको ईलाज हेतु अस्पताल सोप ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जनाकोश व प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज के आदेशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भवानी सिंह के निर्देशन में वृताधिकारी वृत्त उनियारा शकील अहमद खान के निकटतम सुपरविजन में थानाधिकारी थाना सोप नरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई। जिस पर टीम ने कार्यवाही करते हुए हत्या करने के आरोपी सुरेन्द्र धाकड पुत्र महावीर धाकड उम्र 26 वर्ष निवासी करसोलिया मोहल्ला सोप को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार मृतक मस्तराम उर्फ रिंकू मीणा व आरोपी सुरेन्द्र धाकड पडौसी व आपस में घनिष्ठ मित्र थे, जिनका कुछ समय से एक प्रेम प्रसंग को लेकर दोनों के बीच में गाली गलोच होकर झगड़ा हो गया था, जिसके कारण रंजिश पैदा हो गई थी।

- युवक की ट्रेक्टर से कुचलकर हत्या की वारदात का खुलासा

फैक्ट्री में पानी की 3644 बोतल सीज

बीकानेर, (कासं)। विवाह सहित कई सामाजिक कार्यक्रमों में बोतल बंद पानी का उपयोग बढ़ता जा रहा है लेकिन इस पानी की शुद्धता पर अब सवाल खड़े हो रहे हैं। हेल्थ डिपार्टमेंट ने कानासर गांव में स्थित एक फैक्ट्री पर कार्रवाई करते हुए साढ़े तीन हजार बोतल बंद पानी सीज किया है। दरअसल इस फैक्ट्री में पानी की शुद्धता जांचने की लैब बंद थी। जबकि पानी की पैकेजिंग हो रही थी। ऐसे में पानी की शुद्धता का पता नहीं चल रहा। अब हेल्थ डिपार्टमेंट इस पानी की जांच करेगा, जिसमें गड़बड़ी मिलने पर कंपनी पर कार्रवाई की जायेगी।

सीएमएचओ डॉ. अबरार पंवार ने बताया कि कानासर रोड पर संचालित बोतल बंद पानी की फैक्ट्री पर स्वास्थ्य विभाग के दल द्वारा कार्यवाही की गई है। शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के अंतर्गत 3,644 बोतल पानी को सीज किया गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी भानु प्रताप सिंह, सुरेन्द्र कुमार तथा श्रवण कुमार वर्मा के द्वारा कानासर रोड स्थित जसमान मिनरल्स फैक्ट्री पर कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान सामने आया कि वाटर टेस्टिंग की लैब बंद पड़ी थी। वह कार्यशील नहीं थी।

युवक-युवती के अपहरण का खुलासा, पांच आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने खुलासा किया कि गांव ले जाकर ससुराल वालों ने दामाद की नाक काटी

अजमेर, (कासं)। गेगल थाना इलाके में रह रहे दामाद का सुसराल पक्ष द्वारा अपहरण कर नाक काटने के मामले का पुलिस महानिरीक्षक रूपिन्दर सिंघ व पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट ने खुलासा करते हुये पांच लोगों को गिरफ्तार करना बताया है।

मामला 18 मार्च का बताया जा रहा है। दो गाडियों में डाल सुसराल पक्ष के लोग गेगल पहुंचे थे, यहां से दंपती का अपहरण कर नागौर के मारोठ गांव ले गए। दंपती को जमकर पीटा और दामाद को रात करीब 2 बजे गांव के तालाब पर ले जाकर दांतली से नाक काट दी। इसके बाद उसे नावां चौराहा पर पटककर आरोपी भाग निकले। आरोपियों की गुंडागर्दी इतनी है कि पुलिस से बेखौफ नाक काटने का वीडियो वायरल कर दिया। गेगल थाने में पीड़ित की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ अपहरण, मारपीट सहित अन्य गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। इस मामले में नागौर पुलिस ने पांच आरोपियों को पकड़ा है। सभी आरोपियों को गेगल थाना पुलिस को सुपुर्द किया जाएगा। आरोपियों में युवती का पिता और भाई शामिल हैं।

अजमेर रेंज आईजी रूपेन्द्र सिंह के मुताबिक नागौर निवासी हाल बालाजी मंदिर के पास गेगल चांदियावास निवासी हमीद खान पुत्र जलाल ने रिपोर्ट पेश की है। रिपोर्ट में हमीद ने बताया कि 18 मार्च को सांय 4 बजे उसके कमरे पर पर नागौर निवासी प्रकाश खान, अजीज खान, इकबाल खान, हुसैन, मोमिन, आमीन खान, सलीम, सराज और मेरी सास सहित तीन अन्य व्यक्ति दो वाहनों में भरकर पहुंचे। आते ही पत्नी के साथ मारपीट शुरू कर दी और उसे एक गाड़ी में जबरन बैठाकर रताउ ले गए। परिवादी हमीद ने बताया कि दूसरी गाड़ी में उसे जबरन बैठाया और नागौर के मारोठ गांव ले गए। वहां लाठी और लोहे के सरियों से बुरी तरह से मारपीट की गई। रात करीब 2 बजे मारोठ के तालाब के पास ले गए और वहां धारदार दांतली से नाक काट दी, इसका वीडियो बनाया गया। बाद में बेहोशी की हालत में अरोपी मुझे नावां चौराहा पर पटक कर भाग निकले।

आईजी के अनुसार पीड़ित हमीद को नावां चौराहा पर होश आने के बाद वह बस से सीधे परबतसर पहुंचा, वहां अस्पताल में इलाज करवाया। फिर देर रात पुलिस थाने पहुंचकर मुकदमा दर्ज कराया। इधर, नागौर पुलिस ने इस मामले में नागौर मारोठ निवासी बीरबल खान, इकबाल, हुसैन, आमीन और मेहरूद्दीन को पकड़ा है। सभी आरोपियों को पूछताछ के बाद देर रात गेगल लाया जा रहा है। फरार आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

अजमेर रेंज आईजी रूपेन्द्र सिंह ने बताया कि गेगल थाने में देर रात प्रकरण दर्ज हुआ था। दोनों परिवार एक ही समुदाय से जुड़े हैं। मुकदमे की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई की गई। इस मामले में अजमेर और नागौर पुलिस ने संयुक्त करवाई कर पांच आरोपियों को पकड़ा गया है। घिनौना कृत्य है, इस मामले को केस ऑफिसर स्कीम के तहत लेकर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी ससुर बीरबल खान के द्वारा अपनी बेटी रजिया बानो(22) की गुम होने की रिपोर्ट 23 जनवरी 2023 को जिला नागौर के पुलिस थाना मारोठ में दर्ज करवाई गई थी। मामले में युवती की पुलिस के द्वारा तलाश की जा रही थी। इस घटना को लेकर युवती के परिजनों द्वारा हमीद खान के नाक काटने की घटना की गई है। हालांकि पूरे मामले की जांच की जा रही है।